दिनांक 13 जून, 2011

सम्पादक महोदय
जयपुर

विषय :14 जून, 2011 सांय 5.30 बजे अणुविभा जयपुर केन्द्र में आयोजित अणुव्रत अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार समारोह की कवरेज हेतु

महोदय,

आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि अणुव्रत विश्व भारती (अणुविभा) द्वारा वर्ष 2011 को 'अणुव्रत अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार' स्कॉटलैण्ड, इंग्लैण्ड के गांधीवादी विद्वान डॉ. टामस डॉफर्न को प्रदान किया जा रहा है। पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान होंगे एवं सान्निध्य मुनिश्री कुलदीप कुमार का प्राप्त होगा।

पुरस्कार समारोह 14 जून, 2011 मंगलवार सायं 5.30 बजे महाप्रज्ञ सभागार, अणुविभा जयपुर केन्द्र, जे.एल.एन. मार्ग (गौरव टावर के सामने) में आयोजित होगा। हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप अपने संवाददाता व फोटोग्राफर को कार्यक्रम की कवरेज हेतु भेजकर अनुगृहीत करें।

आशा है आपका पूर्ण सहयोग इस अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के कार्यक्रम की सफलता में अवश्य मिलेगा।

संचय जैन

महामंत्री, अणुविभा

समाचार – सादर प्रकाशनार्थ

अणुव्रत अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार इंग्लेण्ड के डॉ. टामस सी. डाफर्न को

जयपुर, 13 जून, 2011

अणुव्रत विश्व भारती (अणुविभा) द्वारा वर्ष 2011 का अणुव्रत अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय शान्ति पुरस्कार इंग्लेण्ड के सुप्रसिद्ध शान्तिकर्मी, गांधी दर्शन के अधिकृत व्याख्याता प्रोफेसर टामस सी डाफर्न को दिया जावेगा। अहिंसा यात्रा के प्रवर्तक आचार्य श्री महाप्रज्ञ के 92वें जन्म दिवस पर स्थानीय मालवीय नगर स्थित अणुविभा केन्द्र के महाप्रज्ञ सभागार में 14 जून, 2011 को आयोजित विशेष समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत प्रोफेसर डाफर्न को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। आचार्य श्री महाश्रमण के विद्वान शिष्य मुनिश्री कुलदीप कुमारजी के सान्निध्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान सम्पादक डॉ. गुलाब कोठारी करेंगे।

अणुविभा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सोहनलाल गांधी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपने लेखन और रचनात्मक कार्यों से अहिंसा की चेतना को प्रसारित करने वाले विशिष्ट व्यक्ति को यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। नई दिल्ली के प्रमुख समाजसेवी श्री जेठमल तेजमल सुराणा (चुरू) के सौजन्य से प्रायोजित यह पुरस्कार गत वर्ष नई दिल्ली में गांधीवादी चिन्तक डॉ. एस.एन. सुब्बाराव को प्रदान किया गया था। इससे पूर्व यह पुरस्कार अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्लेन डी. पेज, जापान की सोकागकाई संस्था के अध्यक्ष डॉ. दाईसाकु इकेडा तथा सयुक्त राष्ट्र महासचिव पेरेज डे कुयर को दिया जा चुका है।

पुरस्कार प्रदाता अणुव्रत विश्व भारती विगत तीन दशकों से अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अहिंसा व शांति की संस्कृति के प्रचार–प्रसार में निरन्तर प्रयत्नशील है।

–संचय जैन

महामंत्री, अणुविभा

संलग्न : डॉ. टामस सी. डॉफर्न का चित्र